NW-7911 Seat No. ________

# Third Year B. A. (Non CBCS) Examination

## February – 2017

## Hindi : Paper - VIII

*(Grammer) (New Course)*

Time : **3** Hours] [Total Marks : **100**

**सूचना :** (१) सभी प्रश्नों के अंक समान है।

(२) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

१ हिन्दी के विभिन्न स्वरूपों को स्पष्ट करते हुए राष्ट्रभाषा और राजभाषा के बीच के अंतर को स्पष्ट कीजिए। २०

**अथवा**

१ हिन्दी शब्द की व्युत्पत्ति स्पष्ट करते हुए पुरानी हिन्दी, अपभ्रंश, अपहट्ठ तथा डिंगल भाषा के रुपों को स्पष्ट कीजिए। २०

२ स्थान एवम् प्रयत्न के आधार पर ध्वनियों के वर्गीकरण को उदाहरण सहित समझाइए। २०

**अथवा**

२ वाक्य की परिभाषा देते हुए उसके भेदों की सोदाहरण चर्चा कीजिए। २०

३ (अ) किन्हीं दो अलंकारों के लक्षण उदाहरण के साथ स्पष्ट करे : १०

(१) अनुप्रास

(२) वक्रोकित

(३) अनन्वय

(४) संदेह

(ब) किन्हीं दो छन्दों के उदाहरण – लक्षण स्पष्ट कीजिए : १०

(१) कुंडलिया

(२) छप्पय

(३) वसंत–तिलका

(४) सवैया

४ किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : २०

(१) समास की परिभाषा : कर्मधारय समास का उदाहरण।

(२) उपसर्ग और प्रत्यय का भेद स्पष्ट कीजिए।

(३) क्रिया के प्रकार बताइये।

(४) काल के भेदोपभेद स्पष्ट करें।

(५) हिन्दी का शब्द भंडार किन–किन रुपों में समृद्ध हुआ है? प्रत्येक के दो–दो शब्द दीजिए।

(६) विशेषण।

५ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए : १०

(१) 'उपमान किसे कहते हैं?

(२) 'उपमा' अलंकार के चार अंगों के नाम बताइये।

(३) 'सुन्दर नन्द किशोर सो जग में मिले न ओर'.........यह पूर्णोपमा है या लुप्तोपमा?

(४) 'जनक–जनक ने सौ गुनी मादकता अधिकाय' – इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार है?

(५) 'संदेह' अलंकार किसे कहते हैं?

(६) दोहा मात्रिक छन्द है या वर्णिक?

(७) चौपाई के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं?

(८) हरिगीतिका में किन–किन मात्राओं पर यति आती है?

(९) कुंडलिया के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती है?

(१०) छप्पय में पहले चार चरण किस छन्द के होते हैं?

(ब) रिक्तस्थानों की पूर्ति सही विकल्प चूनकर कीजिए : १०

(१) अवधी ________ की बोली है?

(पूर्वी हिन्दी, पश्चिमी हिन्दी, बिहारी, राजस्थानी)

(२) मैथिली ________ की बोली है?

(बिहारी, पूर्वी हिन्दी, राजस्थानी, पश्चिमी हिन्दी)

(३) पश्चिमी हिन्दी का उद्‌भव ________ अप्रभ्रंश से हुआ है?

(शौरसेनी, मागधी, अर्द्धमागधी, ब्राचड़)

(४) ________ लिपि को 'विदेशी लिपि' माना जाता है।

(ब्राह्मी, सामी, खरोष्ठी, नांदिनागरी)

(५) 'आ' 'ई' और 'ऊ' ________ स्वर हैं।

(ह्स्व, दीर्घ, संयुक्त, प्लुत)

(६) 'य्' 'र्' 'ल्' 'व्' को ________ व्यंजन कहते हैं।

(संयुक्त, ऊष्म, अंतःस्थ, वर्गीय)

(७) सोना, चाँदी, गेहूँ, बाजरा, दूध आदि ________ संज्ञा के उदाहरण हैं?

(भाव वाचक, द्रव्य वाचक, जाति वाचक, समूह वाचक)

(८) कर्ता कारक की विभक्ति ________ है।

(में, ने, से रे)

(९) 'में' और 'पर' ________ कारक की विभक्तियाँ हैं।

(संप्रदान, अपादान, अधिकरण, सम्बन्ध)

(१०) राजपुत्र, योगभ्रष्ट, देशभक्ति – ये ________ समास के उदाह्रण हैं।

(तत्पुरुष, बहुव्रीही, द्विगु, अव्ययीभाव)